नागेश्वर के नाथ रे

नागेश्वर के नाथ रे, हम है तेरे दास रे,
बचपन से आउ, प्रभु भूल नही जाना रे,
पारस तेरा नाम है, जपना मेरा काम है,
बचपन से आउ, दादा भूल नही जाना रे॥

जन्म से मैने तुमको माना है,
तुम्ही हो दादा मेरे जाना है,
देखी सुहानी तेरी आंगी तो,
दिल मे तुझे ही बसाना है,
वामा मा के लाल हो, करते कमाल हो,
बचपन से आउ, दादा भूल नही जाना रे,
नागेश्वर के नाथ रे......

बनके दीवाने दादा नाचेंगे,
गुणगान तेरे प्रभु गाएंगे,
अंत समय जब आये तो,
चरणों मे तेरे ही रह जाएंगे,
मनीष की पुकार है, तू ही सरकार है,
बचपन से आउ, दादा भूल नही जाना रे,
नागेश्वर के नाथ रे, हम है तेरे दास रे,
बचपन से आउ, प्रभु भूल नही जाना रे,
पारस तेरा नाम है, जपना मेरा काम है,
बचपन से आउ, दादा भूल नही जाना रे.......

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/23712/title/nageshwar-ke-naath-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |